

# जो कंपनी बनी टीम इंडिया की स्पॉन्सर, उसका सूपड़ा हो गया साफ

## क्या टीम इंडिया की जर्सी से हटेगा ड्रीम11?

**नई दिल्ली 23 अगस्त. भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी के आगे बड़े-बड़े अक्षरों में जिस भी कंपनी का नाम लिखा होता है, उसके लिए बीसीसीआई करोड़ों रुपये चार्ज करता है. टीम इंडिया की जर्सी पर नाम लिखा होना अपने आप में बहुत बड़ा सम्मान है. मगर इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि भारतीय टीम की जर्सी पर जिस भी कंपनी का नाम लिखा, उसे आगे चलकर मुश्किलों ने घेर लिया. इस सूची में अब ड्रीम 11 का नाम जुड़ गया है. दरअसल नए ऑनलाइन गेमिंग बिल की मार ड्रीम 11 पर भी पड़ी है.**

नया ऑनलाइन गेमिंग बिल पहले ही राज्यसभा में पास हो चुका है. राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद यह नए कानून में बदल जाएगा. बस उसी के बाद ड्रीम11 को भारत से बोरिया-बिस्तर समेटना पड़ेगा. मगर इससे पहले सहारा, ओप्पो समेत कई सारी कंपनी टीम इंडिया की टाइटल स्पॉन्सर बनीं, खूब सारा मुनाफा भी कमाया, लेकिन आगे चलकर डूबने की कगार पर आ पहुंचीं.



### सहारा-

2010 के दशक में सहारा की टीम इंडिया के साथ पार्टनरशिप करीब 12 साल तक चली और 2013 तक भारत ने 2003 वन-डे वर्ल्ड कप का फाइनल खेला, 2007 टी20 वर्ल्ड कप जीता, 2011 वनडे वर्ल्ड कप भी जीता. यह सब भारतीय खिलाड़ियों ने सहारा वाली जर्सी पहने हासिल किया, इस सबके बावजूद सहारा कंपनी धीरे-धीरे पतन की ओर बढ़ने लगी थी.

### स्टार इंडिया-

वह 2014-2017 का समय था जब भारतीय टीम की जर्सी पर बड़े-बड़े अक्षरों में 'Star' लिखा होता था. स्टार इंडिया के स्वामित्व वाली कंपनी वॉल्ट डिजनी पर आरोप लगे कि वह मार्केट डॉमिनेंस का दुरुपयोग कर रहा है. यहां से स्टार का प्रभुत्व कम होता गया, इसी कारण उसे मार्केट में टिके रहने के लिए जियो से पार्टनरशिप तक करनी पड़ी.

### ओप्पो

मोबाइल कंपनी ओप्पो तब सुर्खियों में आई, जब उसने बीसीसीआई के साथ 1079 करोड़ रुपये की डील साइन की थी. इस चीनी कंपनी को भारतीय टीम का टाइटल स्पॉन्सर बनने से नुकसान होने लगा था, जिसके कारण उसे कॉन्ट्रैक्ट बीच में ही समाप्त करना पड़ा था. बीसीसीआई और ओप्पो की साझेदारी 2017-2020 तक चली. कंपनी के लिए स्पॉन्सरशिप का खर्च उठाना तक मुश्किल हो रहा था.

### बायजू

बायजू टीम इंडिया की जर्सी पर लगभग 2 साल ही टिक पाई. साल 2022 में Byju's कंपनी की वैल्यू 22 अरब डॉलर आंकी गई थी, लेकिन कंपनी की वैल्यू अरबों डॉलर से 0 पर आ गई. बीसीसीआई को उससे बकाया राशि वसूलने के लिए न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाना पड़ा था.

### ड्रीम11

अब नंबर है ड्रीम11 का, जिसको नए ऑनलाइन गेमिंग बिल के कारण नुकसान होना तय माना जा रहा है.

# यूएस ओपन टेनिस का आगाज आज

## पहले दिन मैदान में उतरेंगे जोकोविच, सबालेंका, शेल्टन, राडुकानू

**न्यूयॉर्क, 23 अगस्त (वार्ता) इस बार रविवार से शुरु हो रहा वर्ष का चौथा और आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन 15 दिनों तक खेला जायेगा।**

टूर्नामेंट आयोजकों ने कहा कि अतिरिक्त दिन से न केवल

**पहली बार टूर्नामेंट होगा 15 दिन का**

खिलाड़ियों पर कार्यक्रम संबंधी दबाव में कमी आयेगी और बल्कि प्रशंसकों का अनुभव भी बेहतर होगा। पिछले साल 2024 के संस्करण 832,000 से अधिक रिकार्ड दर्शकों को आकर्षित किया था। इस बार साल 70 हजार अतिरिक्त प्रशंसकों के आने की उम्मीद है।

अमेरिकी सनसनी बेन शेल्टन आर्थर ऐश स्टेडियम में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का मुकाबला रेबेका मासरोवा से होगा, जबकि रात के सत्र में 19 वर्षीय कैलिफोर्नियाई लर्नर टीएन और चार बार के यूएस ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एम्मा राडुकानू अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना हमवतन अमेरिकी एमिलियो नवा से होगा। बाद में शाम कोउवर्तमान 13वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव का सामना फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा।

पहले दिन जेसिका पेगुला, जैस्मीन पाओलिनी और एम्मा नवारो अपने-अपने मुकाबलों में स्पर्धा करेंगे। इस आयोजन को और अधिक समावेशी बनाने के लिए इस वर्ष ऑडियो-वर्णित मैच कमेंट्री, दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए अनुकूल सुविधाएं और बहुभाषी कैप्शनिंग भी शुरू किया जा रहा हैं।




### खून से सनी हथेली, अनगिनत बुरे सपने... लिए आखिरी बार क्वितोवा उतरेंगी कोर्ट पर



टेनिस स्टार पेट्रा क्वितोवा ने 2011 में विम्बडल चैम्पियनशिप जीती थी. उस ऐतिहासिक जीत के बाद उनकी शख्सियत में एक चमक आ गई थी. 35 साल की यह टेनिस क्वीन अपना आखिरी टूर्नामेंट यूएस ओपन खेलने जा रही है. विम्बलडन चैम्पियन रह चुकीं टेनिस स्टार पेट्रा क्वितोवा ने अपने जीवन का वह खौफनाक राज खोला है, जिसने उनके करियर के साथ-साथ उनकी पूरी जिंदगी हिला दी थी. दिसंबर 2016 में 26 साल की उम्र में वह अपने ही घर में एक दरिंदे का शिकार हुईं. गैस बॉयलर देखने का बहाना बनाकर आया हमलावर ने उन्हें पीछे से दबोच लिया और तेज धार वाला चाकू उनकी गर्दन पर रख दिया. खुद को छुड़ाने की कोशिश में पेट्रा की नाजुक हथेली लहूलुहान हो गई. खून से भीगी उंगलियों को देख वह समझ चुकी थीं कि शायद टेनिस कोर्ट पर उनकी मोहक झलक अब कभी देखने को न मिले. डॉक्टरों ने साफ कह दिया- पेशेवर टेनिस में वापसी की संभावना सिर्फ 10 प्रतिशत है. लेकिन पेट्रा ने हार नहीं मानी.सर्जरी, दर्द और अनगिनत रातों की रोती आंखों से गुजरने के बाद उन्होंने सिर्फ 6 महीने में वापसी की. और फिर, जिस तरह वह कोर्ट पर उभरीं- नए आत्मविश्वास और तपती जुनून के साथ- उसे उनके फैन्स ने उनकी 'दूसरी जिंदगी' कहा.

# बीमार होने के कारण गिल दलीप ट्रॉफी से बाहर

## अंकित कुमार करेंगे नॉर्थ जोन की कप्तानी

**नई दिल्ली 23 अगस्त. भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल कथित तौर पर बीमार होने के कारण आगामी दलीप ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिल को नॉर्थ जोन का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में अब अंकित कुमार टीम की कप्तानी करेंगे.**

- दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में
- दलीप ट्रॉफी और एशिया कप के बीच होगा टकराव

दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में होनी है, जबकि गिल को 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए राष्ट्रीय ड्यूटी पर रहना है. इस कारण, भले ही गिल फिट होते, वह दलीप ट्रॉफी में केवल शुरुआती मैच ही खेल पाते. नॉर्थ जोन का मुकाबला क्वार्टरफाइनल में ईस्ट जोन से होना है. नॉर्थ जोन टीम की घोषणा के समय, चयनकर्ताओं ने पहले ही शुभम रोहिल्ला को गिल के प्रतिस्थापन के रूप में नामित कर दिया था. अब गिल की अनुपस्थिति निश्चित होने के बाद, उप-कप्तान अंकित कुमार दलीप ट्रॉफी में टीम का नेतृत्व करेंगे.



### एशिया कप में उपकप्तान हैं शुभमन

शुभमन गिल ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे से वापसी की थी, जहां उन्होंने एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी की पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 754 रन बनाए थे. उनके इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें एशिया कप के लिए भारत की टी20 टीम में जगह दिलाई है, जहां उन्हें उप-कप्तान भी बनाया गया है.

### भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली, 23 अगस्त** (वार्ता) एलावेनिल वलारिवन, शांभवी क्षीरसागर और नारायण प्रणव ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते, भारत ने सीनियर और जूनियर दोनों 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इसके साथ ही शिमकेंट, कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत का स्वर्ण पदक आंकड़ा 22 हो गया।

# बुची बाबू ट्रॉफी में बारिश ने बंगाल की रोकी बढ़त

## बंगाल-मुंबई मुकाबला रोमांचक मोड़ पर, मुंबई 266 पर ऑलआउट



**चेन्नई 23 अगस्त.** शनिवार को आईआईटीएम-केमप्लास्ट ग्राउंड में चल रही बुची बाबू आमंत्रण ट्रॉफी के दूसरे दिन रात भर हुई बारिश के कारण लगभग दो सत्र का खेल धुल गया, जिससे बंगाल और मुंबई के बीच चल रहा मैच रोमांचक स्थिति में आ गया है.

- इशान पोरेल ने मुंबई के खिलाफ 4 विकेट लिए
- बंगाल ने दिन के अंत तक 57 रन 1 विकेट खोकर बनाए
- बंगाल टीम के करण लाल गोल्डन डक पर आउट

दिन की शुरुआत में, बंगाल ने मुंबई के शेष तीन विकेट निकालकर उसे 266 रन पर ऑलआउट कर दिया. बंगाल के तेज गेंदबाज इशान पोरेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए. मुंबई के लिए हिमांशु सिंह ने 141 गेंदों में 59 रन की संयमित पारी खेली, जिससे निचले क्रम के बल्लेबाजों ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाने में मदद की.

### बंगाल की शुरुआत धीमी, बारिश ने रोका खेल

अपनी पारी की शुरुआत करने उतरी बंगाल की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 57 रन बना लिए थे. सलामी बल्लेबाज करण लाल गोल्डन डक पर आउट हुए, लेकिन इसके बाद आदित्य पुरोहित और सौरभ कुमार सिंह ने संयम से बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला. सौरभ ने स्पिनर नमन पुष्पक के खिलाफ एक शानदार छक्का भी जड़ा. हालांकि, बारिश के कारण खेल को बीच में ही रोकना पड़ा, जिससे बंगाल की पहली पारी में बढ़त लेने की कोशिशें रुक गईं.



# मिलर, फरेरा, महाराज की वापसी

## दक्षिण अफ्रीकी टीम में पांच बदलाव किए गए

**केप टाउन, 23 अगस्त (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टी-20 टीम में डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा और केशव महाराज को वापस बुलाया है।**

ऑलराउंडर मार्को यानसन (अंगूठे) और तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स (घुटने) भी अपनी-अपनी चोटों से उबरकर वापसी कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टीम में पांच बदलाव किये हैं। दक्षिण अफ्रीका दो से 14 सितंबर तक इंग्लैंड और वेल्स में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। चयनकर्ताओं ने तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली टीम में कैगिसो रबाडा को दोनों सीमित ओवरों की टीमों में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने रबाडा के कवर के रूप में एकदिवसीय समूह में अपनी जगह बरकरार रखी है।

- मार्को यानसन और लिजाद विलियम्स चोट से उबरकर शामिल
- द. अफ्रीका 2 से 14 सितंबर तक इंग्लैंड दौरे पर खेलेगा 3-3 मैच
- कैगिसो रबाडा दोनों सीमित ओवर टीमों में चुने गए

**एकदिवसीय टीम** - टेम्बा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीत्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जॉर्जी, केशव महाराज, क्वेना मफाका, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन और ट्रिस्टन स्टब्स

**टी-20 टीम** - एडन मारक्रम (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाद विलियम्स।

### एक नजर में



### संजू सैमसन अस्पताल में भर्ती!

**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन एशिया कप 2025 के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं. यह टूर्नामेंट 9 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (‌श्व) में शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा, लेकिन टूर्नामेंट से कुछ हफ्ते पहले ही सैमसन की फिटनेस को लेकर चिंता बढ़ गई है. उनकी पत्नी चारुलथा रमेश ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से एक अपडेट साझा किया, जिससे फैन्स के बीच हलचल मच गई है. चारुलथा ने बताया कि 21 अगस्त को दोपहर 3 बजे सैमसन अस्पताल में थे. हैरानी की बात यह रही कि उसी दिन शाम को केरल क्रिकेट लीग (ष्टरु) 2025 का दूसरा मैच खेला गया, जिसमें सैमसन की टीम कोच्चि ब्लू टाइगर्स मैदान पर उतरी थी. वह उस मैच में मैदान पर मौजूद रहे और टीम ने अदानी त्रिवेंद्रम रॉयल्स को 8 विकेट से हरा दिया था. हालांकि, सैमसन को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला. अभी यह साफ नहीं है कि वह अस्पताल क्यों भर्ती हुए थे, लेकिन अगर मामला गंभीर निकला तो यह भारतीय टीम और चयनकर्ताओं के लिए चिंता का विषय हो सकता है.

### अंजलि तेंदुलकर ने विरार में खरीदा फ्लैट

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेट के आइकॉन सचिन तेंदुलकर की पत्नी और पेशे से डॉक्टर अंजलि तेंदुलकर ने मुंबई के पास विरार में एक नया आलीशान फ्लैट खरीदा है. यह अपार्टमेंट 32 लाख रुपये की भारी रकम देकर खरीदा गया है. दस्तावेज बताते हैं कि अंजलि तेंदुलकर ने यह फ्लैट पेनिनसुला हाइट्स नामक बिल्डिंग में खरीदा है. 391 वर्ग फुट का यह अपार्टमेंट इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित है. विरार, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (रूस्क्र) का हिस्सा है और पिछले कुछ सालों में यहां हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और प्रॉपर्टी निवेश में तेजी देखने को मिली है. यह डील 30 मई 2025 को आधिकारिक तौर पर रजिस्टर्ड हुई थी. रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट्स के अनुसार, अंजलि तेंदुलकर ने इस प्रॉपर्टी के लिए 1.92 लाख रुपये स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान किया है.

# खेलो इंडिया में श्रीनगर के खिलाड़ियों की चमक

## सज्जाद और मोहम्मद हुसैन ने जीते रजत व कांस्य पदक

**श्रीनगर, 23 अगस्त (वार्ता) साई जम्मू के नेहरू पार्क श्रीनगर केंद्र के होनहार सज्जाद हुसैन और मोहम्मद हुसैन की जोड़ी ने दो पदक जीतकर खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में जम्मू-कश्मीर की क्षमता को रेखांकित किया।**

श्रीनगर के निवासियों ने 500 मीटर सी-2 (कैनो डबल्स) स्पर्धा में रजत पदक जीता।

मुहम्मद हुसैन ने 1000 मीटर सी-1 (कैनो सिंगल्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों एथलीट साई जम्मू के विस्तार केंद्र के प्रशिक्षु हैं, जिसका संचालन जम्मू-कश्मीर खेल परिषद (जेकेएससी) के सहयोग से श्रीनगर के नेहरू पार्क स्थित अत्याधुनिक जल क्रीड़ा केंद्र में सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

मोहम्मद हुसैन, जिन्होंने सी2 रेस में सज्जाद के साथ रजत पदक जीतने के अलावा सी1 1000 मीटर रेस में कांस्य पदक भी जीता, ने बताया, भारत ने वाटर स्पोर्ट्स में कभी ओलंपिक पदक नहीं जीता है। मैं इसे बदलना चाहता हूँ; और इसी मानसिकता के साथ मैं अभ्यास करता हूँ। मैंने यह खेल इसलिए अपनाया क्योंकि मैं श्रीनगर निवासी अंतरराष्ट्रीय एथलीट इश्फाक हुसैन से प्रेरित था। साई के कोच और जम्मू-कश्मीर टीम का नेतृत्व कर रहे जुल्फकार अली भट को सज्जाद और मोहम्मद हुसैन पर विशेष रूप से गर्व था। उन्होंने आगे कहा, 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर, वे कई केंद्रों के एथलीटों को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर रहे। आज उन्होंने और भी बेहतर समय निकाला। जम्मू और कश्मीर में अपार संभावनाएं हैं। यहां एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025, 21-23 अगस्त तक डल झील में आयोजित किया जा रहा है।

**खुशखबरी** — मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में होगा, नवंबर में हो सकता है मुकाबला

# केरल में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम खेलेगी फ्रेंडली फुटबॉल मैच

**कोझिकोड 23 अगस्त.** महीनों की अनिश्चितता के बाद, आखिरकार यह तय हो गया है कि लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम नवंबर में केरल में एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी. अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को इसकी पुष्टि कर दी है. यह मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला जाएगा.

मैच का आयोजन %रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी% द्वारा किया जा रहा है. कंपनी के प्रबंध निदेशक एंटो ऑगस्टीन ने बताया कि हालांकि उन्हें कुछ दिन पहले ही एएफए से ईमेल मिल गया था, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक घोषणा नहीं की क्योंकि वे चाहते थे कि महासंघ पहले इसकी पुष्टि करे. एंटो ऑगस्टीन के अनुसार, अर्जेंटीना के प्रतिद्वंद्वी को लेकर जल्द ही फैसला किया जाएगा. संभावित टीमों में ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब और कतर शामिल हैं. उन्होंने यह भी बताया कि वे ब्राजील को लाने की भी कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद है कि एक सप्ताह के भीतर प्रतिद्वंद्वी टीम को अंतिम रूप दे दिया जाएगा. एंटो ने बताया कि उनकी कंपनी सात महीने पहले इस परियोजना से जुड़ी थी, जब शुरुआती प्रायोजक पीछे हट गए थे. उन्होंने कहा, हमें हमेशा विश्वास था कि मैच होगा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे चाहते थे कि मैच इसी साल हो, जबकि एएफए अगले साल खेलने में रुचि दिखा रहा था.

### कोझिकोड में हो सकती है फैन मीटिंग, 400 करोड़ का है बजट

मैच के अलावा, अर्जेंटीना की टीम एक फैन मीटिंग में भी भाग लेगी, जो संभवत: कोझिकोड में आयोजित की जाएगी. ऑगस्टीन ने कहा, ॥हमारे समझौते में, एएफए ने कहा कि वे 45 मिनट की एक फैन मीटिंग करेंगे.॥ उन्होंने कहा कि मलप्पुरम भी इसके लिए एक आदर्श स्थान हो सकता है, क्योंकि मालाबार क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति बहुत प्यार है. उन्होंने बताया कि इस मैच पर करीब 400 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं. ऑगस्टीन ने कहा कि चूंकि दो राष्ट्रीय टीमें खेल रही हैं, इसलिए वित्त कोई मुद्दा नहीं होगा, और प्रायोजकों को आकर्षित करने का काम पहले ही शुरू हो चुका है.

